**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 21-03-2005**

**Participants : Aditya Nath Shri**

>

Title: Reported encroachments of cowsheds in Delhi and other parts of the country.

**योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान देश के विभिन्न भागों में गो-चर की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों और भूमाफियाओं द्वारा किए गए कब्जों की ओर आकृट करना चाहता हूँ। इसके साथ ही, इसी से सम्बन्धित दिल्ली सरकार द्वारा गोसदनों की भूमि का जबरन अधिग्रहण करने संबंधी प्रस्ताव की ओर भी आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ। महोदय, गोवंश भारतीय धर्म और संस्कृति के साथ-साथ भारत की कृाि प्रधान अर्थव्यवस्था का भी आधार-स्तम्भ है। जननी और जन्मभूमि से बढ़कर, गोवंश की पूजा सम्पूर्ण भारत में होती आई है। आज राजनीतिक स्वार्थों के चलते पूरे देश में गोहत्या और गोवंश की तस्करी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

महोदय, दिल्ली सरकार ने हाल ही में एक प्रस्ताव पारित किया है जिसके तहत दिल्ली के अन्दर कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे गोसदनों, जिनमें गोपाल गोसदन, कृण गोशाला, भारत गोसदन, सुशील गोसदन आदि हैं, से सम्बन्धित 75 से 80 प्रतिशत भूमि का जबरन अधिग्रहण करने का प्रयास दिल्ली सरकार द्वारा राजनीतिक विद्वो और दुराग्रह से ग्रसित होकर किया जा रहा है। महोदय, पूरे देश के तमाम नगरों और महानगरों में पहले से ही गोवंश सड़कों पर लावारिस स्थिति में घूमने के लिए मजबूर cè* [cmc18]

अगर कुछ स्वयंसेवी संस्थाएं अपनी ओर से पहल करके उन आवारा और लावारिस घूमने वाले गोवंश को ले जाकर, सेवा और सुरक्षा का दायित्व निभाने का प्रयास करता है तो दिल्ली सरकार उसमें बाधक बनी हुई है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि दिल्ली सरकार के, इस प्रकार के अनैतिक कृत्य को रोका जाए। दिल्ली के अंदर विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा गो-सदनों को संचालित करने के पहले से प्रयास हो रहे हैं, उनमें दिल्ली सरकार सहयोगी बने। दिल्ली राज्य सरकार ने यह व्यवस्था दी है कि एक एकड़ में 100 गोवंश रखा जाए, वह अव्यवहारिक है जो किसी संस्था के लिए संभव नहीं है।

MR. SPEAKER: This is a State matter.

**योगी आदित्यनाथ :** महोदय, एक एकड़ में केवल 10 गोवंश ही रखे जा सकते हैं और उसके तहत जितनी क्षमता गोशालाओं की है तथा एक एकड़ में 10 गोवंश के हिसाब से उनको जो जमीन दी जानी है, उसी के हिसाब से उनको भूमि आवंटित की जाए और गौशालाओं की भूमि अधिग्रहण से संबंधित दिल्ली सरकार के अनैतिक कृत्य पर लगाम लगाई जाए।

MR. SPEAKER: Yogi Adityanath, I have kept my word. I have called you first.